C M Y K

रायगढ़, मंगलवार
10.4.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com | 4 में पढ़ें- देश-विदेश की खबरें .... | 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन .... | » वर्ष-2 » अंक - 18 »

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## ट्रंप ने असद को बताया जानवर, कहा- चुकानी होगी सीरिया में कैमिकल अटैक की कीमत



**नई दिल्ली ।**सीरिया के पूर्वी घोउटा में हुए रासायनिक हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना आपा इस कदर खो दिया कि सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद को जानवर कहने से भी नहीं चूके। इस हमले से गुस्साए ट्रंप ने कहा कि असद को डौमा में किए हमले की कीमत चुकानी होगी। इसको लेकर ट्रंप ने एक ट्वीट भी किया जिसमें उन्होंने लिखा कि इस हमले में कई लोग मारे गए और कई घायल हुए हैं। इसके लिए सीधेतौर पर रूस-ईरान और सीरिया जिम्मेदार हैं। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि जानवर असद को इसकी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने इस हमले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इसको लेकर सोमवार को एक आपात बैठक भी बुलाई है। वहीं रूस ने इसको लेकर काउंसिल की अलग से बैठक बुलाने की अपील की है।आपको बता दें कि डौमा में हुए इस रासायनिक हमले में 70 लोगों की मौत हुई है। अमेरिका समेत फ्रांस ने भी इसको लेकर सीरिया को चेतावनी दी है। ट्विटर पर ट्रंप से आगे निकले ओबामा, सबसे चर्चित ट्वीट का रिकॉर्ड बनाया गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी अप्रैल में ही इदलिब में रासायनिक हमला किया गया था। इस हमले में 74 लोगों की मौत हुई थी जबकि 550 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह हमला सीरियाई सेना ने किया था। इसके बाद अमेरिका ने सीरिया के एयर बेस पर टॉमहॉक मिसाइलों से जबरदस्त हमला किया था। उस वक्त भी सीरिया की सरकार ने कहा था कि यह हमला उसने नहीं कराया है। इस बार भी सीरिया की सरकार और उसके समर्थक देश इस हमले से अपना पल्ला झाड़ते दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं ताजा हमले के बाद अमेरिका और रूस एक दूसरे पर इसको लेकर आरोप लगा रहे हैं। पिछली बार की ही तरह इस बार के हमले में भी सबसे ज्यादा बच्चे मारे गए हैं। इसके बाद मरने वालों में महिलाएं शामिल हैं। इस हमले की सबसे पहले जानकारी वहां पर काम कर रहे गैर सरकारी संगठन व्हाइट हैलमेट ने दी थी। उसने ट्वीटर पर इस हमले के बाद की कई दिल दहला देने वाली तस्वीरें और वीडियो भी पोस्ट की थीं। इसके बाद रॉयटर न्यूज एजेंसी ने इसकी खबर दी थी। हालांकि शुरुआती दौर में रॉयटर ने इस खबर की पुष्टि नहीं की थी। बहरहाल, इस हमले को लेकिर डोनाल्ड ट्रंप ने सीधेतौर पर जितना असद और पुतिन को कोसा है उतना ही अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को भी जिम्मेदार ठहराया है। ट्रंप का कहना है कि यदि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा अपने कार्यकाल में एक कदम आगे बढ़कर सीरिया में असद को जवाब देते तो यहां तक नौबत नहीं आती। उनकी निगाह इस समस्या के लिए ओबामा भी बराबर के जिम्मेदार हैं क्योंकि उन्होंने समय रहते सीरिया पर सही फैसला नहीं लिया। अपने एक ट्वीट में उन्होंने यह भी लिखा है कि यदि ओबामा सही समय पर सही फैसला ले लेते तो यह समस्या बहुत पहले हल हो गई होती और असद भी इतिहास बन गया होता।

### पेंस ने किया ट्वीट

डौमा में हुए रासायनिक हमले पर अमेरिका के उप-राष्ट्रपति माइक पेंस ने भी ट्वीट कर इस हमले को पाश्विक और अमानवीय बताया है। उन्होंने भी कहा है कि जो कोई भी इसके लिए जिम्मेदार है उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। सीरिया इन तमाम आरोपों से अपना पल्ला झाड़ रहा है। व्हाइट हैलमेट के मुताबिक यह हमला हेलीकॉप्टर से बैरल बम के द्वारा किया गया था। स्टेट टीवी की बात करें तो इसमें होम्स के टी 4 एयरबेस पर कई मिसाइलें दागते हुए दिखाया गया है। इसमें कहा गया कि यह हमला अमेरिका की तरफ से किया गया। जिस एयरबेस पर मिसाइलें दागी गई हैं वह सीरियाई सेना का एयरबेस है। इस हमले में 14 लोगों के मारे जाने की खबर है। सीरियाई वार मॉनिटरिंग ग्रुप के मुताबिक मारे जाने वाले लोग ईरानी हैं।अमेरिका ने इन तमाम रिपोर्ट्स को गलत बताते हुए इससे पल्ला झाडा है। अमेरिका ने इस हमले के बाद इराक के प्रधानमंत्री से बात की है। रूस ने इस हमले के बाद अमेरिका पर निशाना साधते हुए यहां तक कहा है कि यह हमला ध्यान भटकाने और आतंकियों को सुरक्षित रास्ता देने के इरादे से किया गया है। रूस की तरफ से एक बयान जारी कर यहां तक कहा है कि इस हमले को लेकर मनघडंत बातें करने और झूठ फैलाने को लेकर अमेरिका को आगाह किया गया है। रूस और सीरिया पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय खबर....

### ब्लैकलिस्टेड होने के डर से हाफिज के संगठन को हमेशा के लिए बैन कर सकता है पाकरिपोर्ट



**इस्लामाबाद. पाकिस्तान** जल्द ही मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के संगठन जमात-उद-दावा पर हमेशा के लिए बैन लगा सकता है। कई और आतंकी संगठनों पर रोक लगाने की तैयारी है। इसके लिए नया बिल लाया जा रहा है। यह बिल राष्ट्रपति के उस अध्यादेश की जगह लेगा, जिसके तहत गृह मंत्रालय की वॉचलिस्ट में शामिल आतंकी गुटों पर बैन की बात कही गई थी एंटी-टेररिज्म एक्ट में होगा बदलाव न्यूज एजेंसी ने डॉन की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि नया बिल एंटी-टेररिज्म एक्ट 1997 में बदलाव के लिए होगा। इसे सोमवार से शुरू हो रहे संसद सत्र में लाया जा सकता है। पाकिस्तान सरकार पर सेना का हमेशा से प्रभाव रहा है। ऐसे में यह बिल तैयार करने में उसे भी भरोसे में लिया गया है। ग्रे-लिस्ट में शामिल होने के बाद लिया फैसलपाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्ट फोर्स (एफएटीएफ) ने फरवरी में ग्रे-लिस्ट में शामिल किया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि उसने सुधार नहीं किए तो जल्द ही उसे ब्लैक लिस्ट में शामिल किया जा सकता है।

### सार्क सम्मेलन में शामिल होने से मोदी का इनकार, भारत दौरे पर आए नेपाल के पीएम ने दिया न्योता

**नई दिल्ली.भारत** ने दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) के सम्मेलन में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। भारतीय विदेश सचिव विजय गोखले ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्क सम्मेलन में भारत के शामिल होने पर बातचीत की। इस दौरान मोदी ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ सीमापार आतंकवाद को ब?ावा दे रहा है। मौजूदा हालात में भारत सार्क में शामिल नहीं होगा। बता दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद ओली अपने पहले दौरे पर भारत आए हैं। तीन दिन के दौरे के दूसरे दिन शनिवार को दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच रक्षा, व्यापार और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। भारत और काठमांडू के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी समहति जताई गई है।

### तानाशाह किम जोंग एटमी हथियार खत्म करने पर ट्रम्प से चर्चा के लिए तैयारः व्हाइट हाउस



**वॉशिंगटन.नॉर्थ** कोरिया और अमेरिका के बीच एटमी हथियारों के मुद्दे पर जल्द ही बातचीत होगी। ट्रम्प प्रशासन के मुताबिक, नॉर्थ कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन हथियार खत्म करने के लिए चर्चा को तैयार है। इस बात की पुष्टी रविवार को व्हाइट हाउस के एक सीनियर अफसर ने की। ट्रम्प और किम की मुलाकात मई के आखिर में हो सकती है। पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति भी इसके लिए सहमति जाहिर कर चुके हैं। तानाशाह किम जोंग पहले कह चुका है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने के लिए उत्सुक है। साथ ही कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु हथियार खत्म करने के लिए भी बात करेगा। यह बात गौर करने लायक है कि इस पर नॉर्थ कोरिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, किम पिछले दिनों चीन का दौरा कर चुका है। इस दौरान उसके और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बीच बात हुई थी। मई में हो सकती है दोनों नेताओं की मुलाकातपिछले महीने साउथ कोरिया एक डेलिगेशन नॉर्थ कोरिया की यात्रा पर गया था। जिसके बाद यह डेलिगेशन अमेरिका गया।

### यहां सरकार ने ही अपने लोगों पर कराया हमला, ऐसे दर्दनाक हाल में दिखे बच्चे

**दश्मिक.सीरिया** के घौटा प्रांत एक और केमिकल अटैक का सामना कर रहा है। शनिवार को हुए इस अटैक में दम घुसने से 150 लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं, 1000 से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। विद्रोहियों ने देश की सरकार पर इस हमले का आरोप लगाया है। हमले में प्रभावित हुए बच्चों की फोटोज भी सामने आई हैं, जिसमें वो बदहवास से नजर आ रहे हैं। वहीं, सीरियन स्टेट मीडिया ने इस बात से इनकार किया है और कहा है कि फोर्स ने कहीं भी कोई भी केमिकल अटैक नहीं किया। वॉलन्टियर रिलीफ ग्रुप व्हाइट हेलमेट ने बताया कि घौटा के डूमा शहर में केमिकल अटैक में करीब 150 लोग जान गंवा चुके हैं। ग्रुप ने एरिया में प्रभावितों की ग्राफिक इमेज भी ट्वीट की है,

## IPL उद्घाटन समारोह की चमक हुई फीकी, नहीं दिखेगा लेडी गागा का जलवा

**जनता से** वेबडेस्क लेडी गागा, कैटी पैरी और ब्रायन एडम्स जैसे पाप स्टार को आईपीएल उद्घाटन समारोह में बुलाने की योजना बजट में कटौती के कारण खटाई में पड़ने के बाद अब बालीवुड स्टार ऋतिक रोशन, प्रभुदेवा और परिणीति चोपड़ा सात अप्रैल को होने वाले इस कार्यक्रम में अपनी चमक बिखेरेंगे। आईपीएल संचालन परिषद ने इस साल उद्घाटन समारोह टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले छह अप्रैल को व्यापक और भव्य तरीके से आयोजित करने का फैसला किया था। इसके लिए 50 करोड़ रूपए का बजट तैयार किया गया था लेकिन प्रशासकों की समिति (सीओए) ने इसे कम करके 30 करोड़ रूपए कर दिया था और संचालन परिषद ने अब 18 करोड़ रूपए में इसका आयोजन करने का फैसला किया है।चोटिल होने के कारण नहीं आ सकेंगे रणवीरसीओए के निर्देश के बाद उदघाटन समारोह सात अप्रैल को मुंबई में मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच से पूर्व होगा।

## पाक राजनयिक पर 26/11 जैसे आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप, NIA की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान का असली चेहरा एक बार फिर दुनिया के सामने आता दिख रहा है। पाकिस्तान के एक राजनयिक का नाम राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपनी मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल किया है। इस राजनयिक पर आरोप है कि वह भारतीय सेना और नौसेना पर दक्षिण भारत में 2014 में 26/11 जैसे आतंकी हमलों की साजिश करने वालों में शामिल था। साथ ही इन पर अमेरिका और इजरायल के दूतावासों पर 26/11 जैसे आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है। पाकिस्तान के इस राजनयिक का नाम आमिर जुबैर सिद्दीकी है, जो श्रीलंका में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में पदस्थ है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत ने किसी पाकिस्तानी राजनयिक का नाम मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल किया है। आमिर के अलावा इस लिस्ट में दो अन्य पाकिस्तानियों के नाम भी हैं। आमिर कोलंबो में पाक दूतावास में वीजा काउंसलर के तौर पर तैनात है। एनआइए के अनुसार श्रीलंका स्थित पाक उच्चायोग में पदस्थ है। जांच एजेंसी द्वारा इन्हें मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल किए जाने के साथ ही इंटरपोल से भी इनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की गई है।

## चुनावी विज्ञापन देने वालों का वेरिफिकेशन शुरू करेगी फेसबुक, दखलंदाजी रोकना प्राथमिकताः जकरबर्ग



**न्यूयॉर्क.डेटा लीक के आरोपों** के बाद फेसबुक अपनी विज्ञापन पॉलिसी को पुख्ता कर रही है। कंपनी के संस्थापक मार्क जकरबर्ग ने कहा कि अमेरिका, मैक्सिको, ब्राजील, भारत और पाकिस्तान में होने वाले चुनावों में विज्ञापन देने वालों को वेरिफिकेशन कराना पड़ेगा। साथ ही चुनावों के दौरान बेहतर संवाद को समर्थन देना और बाहरी दखलंदाजी पर लगाम कसना फेसबुक की प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए कंपनी आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल का इस्तेमाल कर रही है। बता दें कि फेसबुक पर आरोप है कि उसके 5 करोड़ यूजर्स के डेटा का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में गलत इस्तेमाल हुआ। 2017 में हटाए हजारों फेक अकाउंट जकरबर्ग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, 2016 के अमेरिका चुनाव में रूसी दखलंदाजी का पता चलने के बाद हमने एआई टूल का इस्तेमाल किया। 2017 में जर्मन, फ्रेंच और अलबामा सिनेट के चुनावों के दौरान हजारों फेक अकाउंट हटाए थे। कुछ दिन पहले रूस के एक संगठन समेत कई वहां के कई फेक अकाउंट्स को भी बंद किया गया।

## एक दूजे के हुए UPSC2015 की टॉपर टीना डाबी और रनर-अप अतहर, पहलगाम की वादियों में रचाई शादी



**जम्मू (ब्यूरो)।** भले ही अतहर 2015 में यूपीएससी टॉप करने में पीछे रह गए हो, लेकिन दिल जीतने में वे टॉप पर रहे हैं। 2015 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) परीक्षा की टॉपर रहीं टीना डाबी और दूसरे स्थान पर रहे अतहर आमिर-उल-शफी खान का इश्क अब शादी के बंधन में बंध गया है। जम्मू- कश्मीर में पहलगाम की वादियों में दोनों की प्रेम कहानी को शादी के बंधन में बदल दिया गया।इसलिए पहलगाम में सचाई शादी पहलगाम दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले का विख्यात पर्यटन स्थल है। यहां बहने वाली लिद्दर नदी पर्यटन स्थल की खूबसूरती को चार चांद लगाती है। पिछले कुछ वर्ष से कश्मीर के हालात खराब होने की छवि बनाई जा रही है। इस छवि को दूर करने के लिए दिल्ली की रहने वाली टीना डाबी और कश्मीर के रहने वाले अतहर आमिर--उल-शफी खान ने पहलगाम को शादी के लिए चुना। शनिवार को दोनों विवाह के बंधन में बंध गए। टीना के परिजन भी पहलगाम आए हुए थे। पहली नजर में हो गया था।

## कौशल विकास प्रशिक्षण में 29.83 करोड़ का घोटाला




**प्रदीप सिंह, रांची।** झारखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी कौशल विकास की योजनाएं भ्रष्ट अधिकारियों की भेंट चढ़ रही हैं। वस्तुस्थिति यह है कि इस योजना के तहत होने वाले वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर (वीटीपी) प्रशिक्षण में 29.83 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी का मामला उजागर हुआ है। इससे श्रम विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। विभागीय सचिव ने खुद इस बारे में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जांच की गुहार लगाई है। पूरा मामला मुख्यमंत्री रघुवर दास की जानकारी में भी है और उन्होंने इसकी जांच कराने का आदेश दिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को एसीबी जांच के लिए भेजे गए अनुशंसा पत्र में इसका जिक्र है। वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के मद में 10 करोड़ रुपये का भुगतान हो चुका है, जबकि 19 करोड़ रुपये से अधिक के बिल का भुगतान अभी बाकी है। इस लिहाज से इस महत्वाकांक्षी योजना में कुल मिलाकर 29.83 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला सामने आ रहा है। एसीबी इस बात की जांच करेगी कि वोकेशनल ट्रेनिंग के मद में जो भुगतान हुआ वह सही है या नहीं। लोगों को ट्रेनिंग दी गई या फिर ऐसे ही खानापूर्ति कर दी गई। वहीं, जिन बिलों का भुगतान होना है वह भी जांच के घेरे में है। आशंका है कि ये बिल फर्जी हैं। जमीन पर काम हुए बिना ये बिल सबमिट कर दिए गए। संस्थानों की भूमिका भी संदिग्ध है। कौशल विकास के नाम पर पूरे देश में चल रहा गोरखधंधा, ऐसे बना रहे बेरोजगार युवाओं को शिकार कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं को वरीय अधिकारियों ने ही झटका दिया। इसके मुख्य सूत्रधार तत्कालीन सहायक निदेशक प्रशिक्षण (मुख्यालय) योगेंद्र प्रसाद और उप निदेशक प्रशिक्षण (मुख्यालय) शशिभूषण प्रसाद हैं। दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। दोनों ने वीटीपी में 109 एजेंसियों को करोड़ों रुपये का भुगतान किया। सजा के तौर पर इन्हें पदानवत (डिमोट) किया गया। बताते हैं कि योगेंद्र प्रसाद की छह निजी आइटीआइ संस्थानों के संचालन में सीधी भागीदारी है। ये संस्थान घाटशिला, बोकारो, गोड्डा, देवघर, बोकारो और सरायकेला-खरसावां में हैं। जबकि शशिभूषण प्रसाद के संबंध हजारीबाग और बिहार के हाजीपुर व सोनपुर में चल रहे प्राइवेट आइटीआइ से हैं। 2011 से फर्जीवाड़े का गोरखधंधा चल रहा है। वीटीपी प्रशिक्षण मद में उत्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पिठोरिया, रांची को 12,84,000 रुपये का भुगतान किया गया है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400